FIRST DRAFT की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका

# वेरिफिकेशन करना ऑनलाइन जानकारी

जनवरी 2020

FIRSTDRAFT

## विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| | प्रस्तावना | 6 |
| **अध्याय 1** | पूर्णतया आवश्यक | 10 |
| **अध्याय 2** | उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत | 26 |
| **अध्याय 3** | स्रोत | 34 |
| **अध्याय 4** | तिथि | 40 |
| **अध्याय 5** | स्थान | 44 |
| **अध्याय 6** | अभिप्रेरण | 50 |

**लेखक के बारे में**

Shaydanay Urbani First Draft में साझेदारी और कार्यक्रम प्रबंधक हैं, वहाँ वह दुष्प्रचार पर पत्रकारिता करती हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों को वेरिफिकेशन और जिम्मेदार रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षण देती हैं। आपराधिक न्याय रिपोर्टिंग, मध्य पूर्वी भाषाओं और राजनीति, और खाद्य नीति में उनकी पृष्ठभूमि रही है और साथ ही वे न्यूयॉर्क सिटी विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में परास्नातक भी हैं।

जब वह काम नहीं कर रही होती है तब वे न्यूयॉर्क शहर में एक पेशेवर साल्सा दल के साथ नृत्य करती हैं।

2 रा संस्करण; पहली बार अक्टूबर 2019 में प्रकाशित
संपादक - एल्स्टेयर रीड तथा विक्टोरिया क्वान
निर्माता - टॉमी शेन
डिजाइनकर्ता - इमैजिस्ट

यह रचना क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-नॉन-कॉमर्शियल-नोडेरिवेटिव्स 4.0 अन्तरराष्ट्रीय लाइसेंस के अन्तर्गत लाइसेंसधारी है। इस अनुज्ञप्ति की प्रति देखने के लिए, visit: http://creativecommons.org/licenses/by-nc-nd/4.0/ पर जाएँ।

# धन्यवाद

बहुभाषी पत्रकारों की हमारी टीम को धन्यवाद, जिन्होंने विभिन्न भाषाओं के अनुवाद की समीक्षा करने में हमारी सहायता की, इसका नेतृत्व First Draft की एम्मा डॉबिन्सन में किया: पेड्रो नोएल (ब्राजीली पुर्तगाली) , कैरलोट्टा डॉट्टो (इटैलियन), मैरी बोहनर (फ्रेंच), लॉरा ग्रार्सिया (स्पैनिश), जीएनएल बर्लिन की नाडिन रब्बा (जर्मन) और डेटालीड्स के प्रोफेसर उमेश आर्य (हिंदी)।

इस मार्गदर्शिका के मूल संस्करण को अंग्रेजी में **अक्तूबर 2019** को प्रकाशित किया गया था। **हिंदी** में इस संस्करण को Global Lingo द्वारा अनूदित किया गया था, तथा इसकी सटीकता हेतु इसकी समीक्षा First Draft टीम के सदस्यों द्वारा की गई थी। यह अनूदित संस्करण जून 2020 को प्रकाशित किया गया था।

हिन्दी **भाषा** आवश्यक मार्गदर्शिका

# प्रस्तावना

ऑनलाइन कंटेंट का वेरिफिकेशन करना भयभीत कर देने वाला हो सकता है, लेकिन यह मुश्किल नहीं है। वेरिफिकेशन करने में अच्छा होना ज्यादातर पुनरावृत्ति, अटलता और डिजिटल तहकीकात-संबंधी उपकरणों के उपयोग करने के साथ-साथ थोड़ी रचनात्मकता से भी ताल्लुक रखता है। आजकल बहुत सारी वेरिफिकेशन तरकीबें और उपकरण उपलब्ध हैं। वास्तव में, अपने काम आ सकने वाले सभी संसाधनों को याद कर पाना सबसे कठिन काम हो सकता है।

यहीं यह पुस्तक काम आती है। यह जादुई वेरिफिकेशन के लिए आपकी एक छोटी सी संक्षिप्त मार्गदर्शिका है। इसमें अत्यावश्यक अवधारणाएँ, चेकलिस्ट और हमारी पसंदीदा युक्तियाँ और तकनीकें समाहित हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वेरिफिकेशन के पांच स्तंभों से आपका परिचित कराएगी, और आशाजनक रूप से हर एक से निपटने के लिए एक त्वरित संदर्भ के रूप में काम करेगी।

जानकारी त्वरित गमन करती है, और दुष्प्रचार उत्पन्न करना और फैलाना इतना आसान होता जा रहा है कि बुनियादी वेरिफिकेशन कौशलों को समझना हर पत्रकार — न केवल तकनीक रिपोर्टर और सामाजिक मीडिया संपादक — के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है।

ताजातरीन समाचार (ब्रेकिंग न्यूज) के माहौल में यह विशेष रूप से सच है, जब जल्दी से रिपोर्ट करने और तथ्यों को जानने, दोनों के लिए दबाव बढ़ जाता है। अफवाह फैलाने वाला होने और अनजाने में व्यापक दर्शकों को झूठ / गलत बात बताने से खुद को बचाने की भी न्यूजरूम को आवश्यकता पड़ती है। दुष्प्रचार के कई एजेंट, स्थापित न्यूज आउटलेट द्वारा की गई कवरेज को अंतिम-लक्ष्य के रूप में देखते हैं तथा, और भी अधिक दर्शकों तक पहुँचने की उम्मीद के साथ, अफवाहें और हेरफेर की गई बातें फैलाने के लिए ऑनलाइन स्थानों का उपयोग करते हैं। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, सूचना विकार[1]के युग में ज़िम्मेदार पत्रकारिता पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका देखें।

# धोखा न खाएँ। वेरिफिकेशन करना सीखें।

## इस पुस्तक का उपयोग कैसे करें

इससे पहले कि आप कोई भी वेरिफिकेशन साहसिक-कार्य को आरंभ करें, पहले अध्याय, 'पूर्णतया आवश्यक' को पढ़कर शुरुआत करें। ये जानना-जरूरी-है वाली अवधारणाएँ हैं जो आपका समय और संभवतः आपको शर्मिंदगी से बचा सकती हैं।

बाकी बची पुस्तक को पांच बुनियादी जाँचोंजो आपको किसी भी कंटेंट पर करनी चाहिए जिसे आप सत्यापित करना चाहते हैं, में व्यवस्थित किया गया है चाहे वह प्रत्यक्षदर्शी मीडिया हो, एक छेड़छाड़युक्त  वीडियो हो या एक मीम हो।

इन अध्यायों में से, 'उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत' सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए उस पर अतिरिक्त ध्यान दें। अन्यथा, अपनी फुरसत में बेझिझक सरसरी तौर पर पढ़ें, या सीधे ही आपके लिए प्रासंगिक युक्ति सूची पर जाएँ।

वेरिफिकेशन नए सुराग और पुष्टिकारक सबूतों को तलाशने की एक लचीला प्रक्रिया है, और आप एक जाँच में जो प्रगति करते हैं, वह किसी दूसरी में आपकी मदद कर सकती है।

अध्याय 1

# पूर्णतया आवश्यक

किसी भी कंटेंट को ऑनलाइन सत्यापित करने से पहले, अपने आप से यह पहला सबसे बुनियादी प्रश्न पूछें: जो कंटेंट मुझे देख रही है, क्या वह वास्तव में घटित किसी घटना से संबंध रखती है?

कुछ परिस्थितियों में, जैसे ब्रेकिंग न्यूज घटना में, यह प्रश्न ठीक वही चीज हो सकती है आपका पता लगाने की कोशिश आप वेरिफिकेशन में कर रहे हैं। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा नहीं है।

कल्पना कीजिए कि आपको एक ऐसा वीडियो मिलता है जो शिकागो ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लंबी कतारों और दुखी यात्रियों के होने का दावा करता हो। इससे पहले कि आप वीडियो बनाने वाले, तिथि और समय, या स्थान को सत्यापित करने की अटपटी स्थिति से गुजरें, आपका पहला प्रश्न यह होना चाहिए: क्या वास्तव में हवाई अड्डे पर समस्याओं की रिपोर्टें हैं?

एक अन्य उदाहरण उस बदनाम मुख्य समाचार का है जो 2016 के अमेरिकी चुनाव से पहले प्रकट हुआ था: पोप ने डोनाल्ड ट्रम्प को समर्थन दिया। आप अपने सभी वेरिफिकेशन कर सकते हैं, उस वेबसाइट के बारे में जिसने इसे बनाया था, लेख कब प्रकाशित किया गया था और यह कहाँ तक फैला, इत्यादि, लेकिन लेख का मूल दावा वह पहली चीज है जिसे आपको जाँचना चाहिए।

## वेरिफिकेशन के 5 स्तंभ

वेरिफिकेशन सिखाने के बारे में अच्छी बात यह है कि इसे विभाजित करना आसान है। ऐसा इसलिए है क्योंकि चाहे आप एक प्रत्यक्षदर्शी वीडियो, एक छेड़छाड़ की गयी छवि, एक सॉकपपेट खाते या एक मीम को देख रहे हैं, आपने जो बुनियादी जाँचें करनी हैं वे एक ही हैं:

1. **उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत**

क्या आप मूल खाते, लेख या कंटेंट ढूँढ़ रहे हैं?

2. **स्रोत:**

किसने अकाउंट या लेख बनाया, या कंटेंट को शूट किया?

3. **तिथि:**

इसे कब बनाया गया?

4. **स्थान:**

कहाँ अकाउंट बनाया गया, वेबसाइट बनाई गई या कंटेंट शूट की गई थी?

5. **अभिप्रेरण:**

क्यों अकाउंट स्थापित किया गया, वेबसाइट बनाई गई या कंटेंट शूट की गई थी?


हर स्तंभ के बारे में आपको जितना अधिक पता होगा, आपका वेरिफिकेशन उतना ही अधिक सुदृढ़ होगा।

## निश्चितता का मायाजाल

वेरिफिकेशन शायद ही कभी अटूट-विश्वसनीय हो। यह सुरागों की तलाश और पुष्टिकारक सबूत एकत्र करने की तरह ही है। पुराने जमाने के जासूस के जासूसी पटल का चित्र बनाएँ। पटल पर जानकारियाँपिन कर दी गई हैं: स्थान, नाम, बोली का उद्धरण। सुरागों के बीच की रेखाएँ कड़ियों का एक जाल प्रस्तुत करती हैं। यही डिजिटल वेरिफिकेशन है: वही पुरानी विधियाँ जिनका पत्रकारों और जाँचकर्ताओं ने हमेशा से सच्चाई तक पहुँचने के लिए उपयोग किया है, पर वर्ल्ड वाइड वेब पर लागू होती हैं।

इसलिए आगे बढ़ें और अपने भीतर के Sherlock Holmes को दिशा दें, जितने हो सके उतने साक्ष्य एकत्र करें, लेकिन महसूस करें कि आपको हमेशा निश्चायक उत्तर नहीं मिलेगा। यह तथ्य कि हमें निश्चितता नहीं मिलती है, अर्थात हम जो कुछ भी जानते हैं तथा जो कुछ नहीं जानते उसके बारे में हम स्पष्ट हैं जो कि एक महत्वपूर्ण बात है — विशेष रूप से अगर वह जानकारी हमारी रिपोर्टिंग सूचित करने वाली हो।

अग्रांकित पृष्ठ, दो शीर्षक हैं जिन्हें हमने दृश्यात्मक मीडिया को सत्यापित करने के लिए बनाया है — एक तस्वीर के लिए और दूसरा वीडियो के लिए — जो आपको यह आँकने में मदद करेगा कि आपका वेरिफिकेशन कितना टाइट है और छेद कहाँ स्थित हो सकते हैं।




दृश्यात्मक वेरिफिकेशन के 5 स्तंभ।स्रोत: First Draft।

## दृश्यात्मक वेरिफिकेशन मार्गदर्शिका: तस्वीरें

| | नहीं | |
|---|---|---|
| **1. क्या आपयह मूल संस्करण देख रहे हैं?** | एक रिवर्स इमेज सर्च, प्रश्नगत घटना घटने से पहले ऑनलाइन अनुक्रमित समरूप तस्वीरें दिखाता है | एक रिवर्स इमेज सर्च कुछ समरूप विशेषताओं के साथ सदृश परिणाम देता है, यह संकेतित करते हुए कि यह मिला-जुला हो सकता है |
| **2. क्या आपको पता है कि तस्वीर किसने खींची है?** | यह एक गुमनाम ईमेल या चैट ऐप नंबर के जरिए आया है | यह एक सामाजिक नेटवर्क पर अपलोड किया गया था लेकिन यूजरनेम कहीं और ऑनलाइन दिखाई नहीं देता है। अपलोडर गुमनाम रहना चाहता है |
| **3. क्या आपको पता है कि तस्वीर कहाँ खींची गई थी?** | कोई स्थान डेटा उपलब्ध नहीं था और इसमें तहकीकात करने के लिए कोई दृश्यात्मक सुराग नहीं हैं | हमने मौके से आने वाली अन्य तस्वीरों के साथ परस्पर मिलाकर देखा लेकिन स्थान की पुष्टि करने के लिए कोई उपग्रहीय या जमीनी छवि उपलब्ध नहीं है |
| **4. क्या आपको पता है कि तस्वीर कब खींची गई थी?** | यह हमें गुमनाम रूप से भेजी गई थी और कोई EXIF डेटा उपलब्ध नहीं है | हमने यह देखने के लिए सामाजिक नेटवर्क पर टाइमस्टैम्प की जाँच की कि इसे पहली बार कब ऑनलाइन शेयर किया गया था, लेकिन हमारे पास यह पुष्टि करने वाला कोई EXIF डेटा नहीं है जब यह लिया गया था। |
| **5. क्या आपको पता है कि तस्वीर क्यों खींची गई थी?** | हमें नहीं पता कि तस्वीर किसने ली थी इसलिए हमें पता नहीं चल सकता कि उसका अभिप्रेरण क्या हो सकता है | सामाजिक मीडिया अकाउंट अभी हाल ही में बनाया गया था और/या सामाजिक खोजों से पता चलता है कि अपलोडर शायद ही कभी ऑनलाइन पोस्ट करता है, इसलिए उसके संचलनों या अभिप्रेरण की पुष्टि करने के लिए साक्ष्य छोटा है |

| | | हाँ |
|---|---|---|
| प्रत्येक सामाजिक नेटवर्क पर एक तिथि खोज से पता चलता है कि यह ऑनलाइन शेयर किए गए कई संस्करणों में से सबसे पहला वाला है, लेकिन हमें अभी तक अपलोडर से पुष्टि नहीं मिली है | हम अन्य संस्करणों को ऑनलाइन खोजने में असमर्थ हैं और बुनियादी छाया और प्रतिबिंब जाँचों से पता चलता है कि इसमें हेरफेर नहीं की गई है | यह हमें सीधे ही भेजा गया था और हमने स्रोत से बात कर ली है |
| पूर्ण नाम खोजों को चलाकर, उपयोगकर्ता की प्रोफ़ाइल तस्वीर को रिवर्स सर्च करके, और/याउसके ब्लॉग या वेबसाइट के डोमेनस्वामित्व की खोज करके, हम अपलोडर की पहचान करने में सक्षम हो गए | हमने सामाजिक मीडिया के जरिए अपलोडर के साथ यह पुष्टि करने के लिए संवाद किया कि उसने तस्वीर ली है | हमने स्रोत से प्रश्न किए और उसके उत्तर EXIF डेटा, मौसम रिपोर्ट और उसके स्वयं के ऑनलाइन पदचिह्न के साथ सहसंबद्ध रहे |
| हमने व्यापक भौगोलिक क्षेत्र को स्थापित करने के लिए पहचानसूचकों, वास्तुकला और कपड़ों जैसे दृश्यात्मक सुरागों का उपयोग किया है | हमने मैपिंग टूल का उपयोग करके भूदृश्य और भूमिचिह्नों को परस्पर मिलाकर देखा है और अक्षांश/देशांतर निर्देशांकों की पुष्टि कर दी है | स्रोत अपनी दृष्टि के क्षेत्र में अन्य भूमिचिह्नों की पुष्टि करने में सक्षम था, जो ऑनलाइन मानचित्रों पर दिखाए जाने वालों से मेल खाते थे |
| सामाजिक टाइम स्टैम्प दिखाता है कि घटना घटित होने के तुरंत बाद इसे अपलोड कर दिया गया था और इसमें ऐसा दृश्यात्मक साक्ष्य मौजूद है जो अन्य प्रत्यक्षदर्शी रिपोर्टों के साथ सहसंबद्ध है | हमने पुष्टि की कि मौसम की स्थितियाँ और छवि में दिखाई देने वाली कोई भी छाया, स्रोत द्वारा दिए गए समय, तिथि और स्थान के साथ सहसंबंध रखती है | इसमें EXIF डेटा समाहित है जो, अन्य जाँचों के साथ मिलकर, यह पुष्टि करता है कि उसे कब लिया गया था |
| अपलोडर के असली नाम की व्यापक ऑनलाइन खोजों से पता चलता है कि वह किसी कार्यकर्ता या वकालत संगठन से जुड़ा है लेकिन इस मामले में उसका अभिप्रेरण जानने के लिए कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं है | घटना की ओर ले जाने वाली, अपलोडर की सामाजिक मीडिया गतिविधि की खोजें, तस्वीर खींचने के उसके कारणों की पुष्टि करती है, अर्थात छुट्टी मनाने वाला, पत्रकार, स्थानीय रूप से काम करने वाला | फोटोग्राफर ने तस्वीर के आसपास की परिस्थितियों कीपुष्टि की |

## दृश्यात्मक वेरिफिकेशन मार्गदर्शिका: वीडियो

| | नहीं | |
|---|---|---|
| **1. क्या आपयह मूल संस्करण देख रहे हैं?** | प्रत्येक सामाजिक नेटवर्क पर कीवर्ड खोजकर हमें वीडियो के पुराने संस्करण मिल गए हैं | वीडियो थंबनेल की एक रिवर्स इमेज सर्च से अन्य संस्करणों का ऑनलाइन पता चलता है लेकिन हम इस बात की पुष्टि करने में असमर्थ हैं कि असली कौन सी है |
| **2. क्या आपको पता है कि वीडियो किसने बनाया है?** | यह एक गुमनाम ईमेल या चैट ऐप नंबर के जरिए आया है | यह एक सामाजिक नेटवर्क पर अपलोड किया गया था लेकिन यूजरनेम कहीं और ऑनलाइन दिखाई नहीं देता है। अपलोडर गुमनाम रहना चाहता है |
| **3. क्या आपको पता है कि वीडियो कहाँ बनाया गया था?** | वीडियो में दृश्यात्मक सुराग हमारे लिए यह पुष्टि करने के लिए बहुत ही सीमित हैं कि इसे कहाँ बनाया गया था | साथ में दिखने वाले किसी भी पाठ्य के अनुवाद से सुराग मिलते हैं कि इसे कहाँ शूट किया गया था, लेकिन हम उस स्थान की पहचान करने में असमर्थ हैं |
| **4. क्या आपको पता है कि वीडियो कब बनाया गया था?** | वीडियो हमें गुमनाम रूप से भेजा गया था और कोई मेटाडेटा उपलब्ध नहीं है | हमने सामाजिक नेटवर्क पर अपलोड किए गए शुरुआती संस्करण पर टाइमस्टैम्प की जाँच की, लेकिन हमारे पास पुष्टि करने के लिए कोई डेटा नहीं है कि इसे कब बनाया गया था |
| **5. क्या आपको पता है कि वाडियो क्यों बनाया गया था?** | हमें नहीं पता कि वीडियो किसने शूट किया इसलिए हमें पता नहीं चल सकता कि उसका अभिप्रेरण क्या हो सकता है | सामाजिक मीडिया अकाउंट अभी हाल ही में बनाया गया था और/या सामाजिक खोजों से पता चलता है कि अपलोडर शायद ही कभी ऑनलाइन पोस्ट करता है, इसलिए उसके संचलनों या अभिप्रेरण की पुष्टि करने के लिए साक्ष्य छोटा है |

| | | हाँ |
|---|---|---|
| URL शॉर्टकोड के लिए की गई वेब खोज बताती है कि यह ऑनलाइन शेयर किया गया पहला संस्करण है, लेकिन हम अपलोडर से बात नहीं कर पाए | हम वीडियो का कोई अन्य संस्करण ऑनलाइन नहीं पा सके हैं | यह हमें सीधे ही भेजा गया था और हमने स्रोत से बात कर ली है |
| पूर्ण नाम खोजों को चलाकर, उपयोगकर्ता की प्रोफ़ाइल तस्वीर को रिवर्स सर्च करके, और/या उसके ब्लॉग या वेबसाइट के डोमेन स्वामित्व की खोज करके, हम अपलोडर की पहचान करने में सक्षम हो गए | हमने सामाजिक मीडिया के जरिए अपलोडर के साथ यह पुष्टि करने के लिए संवाद किया कि उसने वीडियो बनाया है | हमने स्रोत से प्रश्न किए और उसके उत्तर मौसम रिपोर्ट, इस्तेमाल होने वाले उपकरण और उसके स्वयं के ऑनलाइन पदचिह्न के साथ सहसंबद्ध रहे |
| हमने व्यापक भौगोलिक क्षेत्र को स्थापित करने के लिए पहचानसूचकों, वास्तुकला और कपड़ों जैसे दृश्यात्मक सुरागों का उपयोग किया है | हमने मैपिंग टूल का उपयोग करके भूदृश्य और भूमिचिह्नों को परस्पर मिलाकर देखा है और अक्षांश/देशांतर निर्देशांकों की पुष्टि कर दी है | हमने स्रोत से प्रश्न किए और जहाँ वीडियो को बनाया गया था उस बारे में उसके जवाब, इलाके के अन्य दृश्यात्मक पहचानकर्ताओं के साथ सहसंबद्ध हैं |
| सामाजिक टाइम स्टैम्प दिखाता है कि घटना घटित होने के तुरंत बाद इसे अपलोड कर दिया गया था और इसमें ऐसा दृश्यात्मक साक्ष्य मौजूद है जो अन्य प्रत्यक्षदर्शी रिपोर्टों के साथ सहसंबद्ध है | हमने स्रोत से सवाल किए और इस बात की पुष्टि कर पाए कि जब वीडियो बनाया गया था तब वह उस स्थान पर था | हमने पुष्टि की कि मौसम की स्थितियाँ और छवि में दिखाई देने वाली कोई भी छाया, स्रोत द्वारा दिए गए समय, तिथि और स्थान के साथ सहसंबंध रखती है |
| अपलोडर के असली नाम की व्यापक ऑनलाइन खोजों से पता चलता है कि वह किसी कार्यकर्ता या वकालत संगठन से जुड़ा है लेकिन इस मामले में उसका अभिप्रेरण जानने के लिए कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं है | घटना की ओर ले जाने वाली गतिविधि से वीडियो बनाने के उसके कारणों की पुष्टि होती है, अर्थात छुट्टी मनाने वाला, पत्रकार, स्थानीय रूप से काम करने वाला | हमने स्रोत से बात की जिसने वीडियो के आसपास की परिस्थितियों की पुष्टि की |

## क्या यह वेरिफिकेशन किए जाने योग्य है?

### अटपटी स्थिति से सावधान रहें

अक्सर वेरिफिकेशन मिनटों में हो जाता है। कई बार यह आपको जुनून के एक बेकार रास्ते पर ले जा सकता है। यह पता लगाना सीखें कि कब इसे छोड़ देने में समझदारी है। इसके अलावा, ध्यान रखें कि किसी एक परिकल्पना के लिए बहुत अधिक लगाव विकसित करना कि छोटी सी कंटेंट कहाँ से आई या कि क्या यह सच है या नहीं, न केवल आपके वेरिफिकेशन की अखंडता को संकट में डाल सकता है, बल्कि बहुत समय भी खपा सकता है।

> “हम मानव हैं और कोई कंटेंट सत्य है या असत्य, इस बारे में एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया का होना आसान है। लेकिन हमें हर समय संशय में रहना होता है।”

पुराने संपादक की कहावत को याद रखें: यहाँ तक कि यदि आपकी माँ कहती है कि वह आपसे प्यार करती है तो भी इस बात की जाँच करो।

इंटरनेट एक विस्तृत और गुफाओं वाली जगह है। यदि आप किसी साक्ष्य के अंश विशेष के लिए अत्यधिक जी लगाकर देख रहे हैं तो आपसे रास्ते में परस्पर विरोधी साक्ष्य छूट सकते हैं।

### फैलाव को समझना

गलत-सूचना पर रिपोर्ट करना एक कठिन कला है। शोध से पता चलता है कि कुछ परिस्थितियों में 'खारिज करना' लिखना भी लोगों के मन में झूठी अफवाहों को मजबूत कर सकता है। इसका मतलब है कि गलत-सूचना पर रिपोर्टिंग, चाहे नेक इरादे से की गई हो, कंटेंट को और अधिक प्रभावन दे सकती है जो अन्यथा फीकी पड़ जाती।

यदि आप कोई भ्रामक विषय वस्तु सत्यापित कर रहे हैं क्योंकि आप उस पर रिपोर्ट करना चाहते हैं या पर्दाफाश करना चाहते हैं तो पहले विचार करें कि उस कंटेंट की ऑनलाइन पहुँच कहाँ तक है।

कितने लोगों ने पहले से ही कोई गलत दावा देखा है?
उपलब्ध मैट्रिक्स के साथ, संख्या रूप में मापना अक्सर मुश्किल होता है, जो कि आमतौर पर बस शेयर, लाइक, रीट्वीट, व्यू, और कमेंट होते हैं। पर कोशिश करना जरूरी है। यहाँ तक कि छोटे या आला समुदाय भी ऑनलाइन दुनिया में अधिक महत्वपूर्ण प्रतीत हो सकते हैं।

यदि आप कंटेंट के ऐसे अंश को देख रहे हैं जिसे
बहुत ही कम संलग्नता मिली हो तो शायद इस बात पर विचार करें
कि यह सत्यापित करने या लिखने लायक नहीं है।

इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, सूचना विकार के युग में ज़िम्मेदार पत्रकारिता पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका[1] पढ़ें।

## समय और हताशा बचाने की युक्तियाँ

### प्रलेखित करें

सब कुछ का स्क्रीनशॉट लें! मेजबान प्लेटफॉर्म द्वारा कंटेंट को जल्दी से मिटाया या हटाया जा सकता है। आप आश्चर्यचकित हो सकते हैं कि आप कितनी तेजी से जानकारी के महत्वपूर्ण अंश खो सकते हैं। ऐसा आपके वेरिफिकेशन की पारदर्शिता के लिए भी जरूरी है।

- आप स्क्रीनशॉट लेने के लिए Mac OS पर कमांड+शिफ्ट+5 दबाकर कर्सर को उस क्षेत्र पर घसीट सकते हैं जिसे आप कैद करना चाहते हैं, या Windows पर स्निपिंग टूल का उपयोग कर सकते हैं।

- Evernote जैसे स्क्रीन-ग्रैबिंग टूल का उपयोग किया जाना मददगार हो सकता है जो आपको साक्ष्य के अंशों को जल्दी से इकठ्ठा करने की सहूलियत देता है।
- Wayback Machine[2] एक ब्राउज़र एक्सटेंशन है जो आपको वेबपृष्ठों के संग्रहीत संस्करणों को सहेजने देता है।
- Hunch.ly[3] एक बहुत शक्तिशाली उपकरण है जो आपको आपके वेब ब्राउज़र के समूचे स्क्रीनशॉटों को स्वचालित रूप से खींचकर और उन्हें सूचीबद्ध करके पूरी तहकीकात को प्रलेखित करने की सहूलियत देता है। यह एक भुगतानशुदा उपकरण है, इसलिए सभी के लिए नहीं है, लेकिन यदि आपको तहकीकातों को प्रलेखित करने के लिए एक विश्वसनीय प्रणाली की आवश्यकता है तो यह इस काम के योग्य हो सकता है।

**खोज करना न भूलें**

वेरिफिकेशन के लिए बहुत सारे प्रभावशाली उपकरण हैं, और हम इस मार्गदर्शिका में उनमें से कई के बारे में बात करते हैं। लेकिन याद रखें कि कभी-कभी एक साधारण गूगल खोज भी काम कर जाती है।

**फोन उठाना न भूलें**

कई स्थितियों में, सबसे अच्छी वह स्थिति होती है कि आपको किसी स्रोत का एक फोन नंबर या ईमेल पता मिल जाए ताकि आप उससे सीधे संपर्क कर सकें और उसके द्वारा शेयर की गई कंटेंट के बारे में पूछ सकें। यहाँ तक कि एक साधारण संदेश सीधे भेजा जाना एक निजी बातचीत शुरू कर सकता है जिससे आप इतना अधिक पता लगा सकते हैं जितना अन्यथा नहीं लगा सकते।

**एक टूलबॉक्स सेट करें**

यदि आप बहुत सारे वेरिफिकेशन या अन्य प्रकार के डिजिटल शोध करने जा रहे हैं तो एक बुकमार्किंग सिस्टम बनाया जाना सुविधाजनक रहता है जो आपके सभी पसंदीदा साइटों को खाकाबद्ध करता है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है,

सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है अपने काम आ सकने वाले उपकरणों को बस  याद रख पाना।

वेब ब्राउज़र में बुकमार्क फ़ोल्डर अच्छे हैं, लेकिन वेरिफिकेशन टूल सहेजने का हमारा पसंदीदा तरीका एक Start.me[4] पृष्ठ के साथ है। यह आपके सभी बुकमार्क को अच्छी तरह से प्रदर्शित करता है और आप नए संसाधनों को जल्दी से स्थापित और लगातार जोड़ पाते हैं। आप इसे अपने होम पेज के रूप में उपयोग कर सकते हैं या इसे कहीं और बुकमार्क कर सकते हैं।

### संबंधित कंटेंट पर साथ-साथ निगरानी रखें

जब आप कंटेंट के किसी अंश की पुष्टि कर रहे हों तो मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और सचेतक प्रणाली स्थापित करना मददगार रहता है ताकि सद्दश कंटेंट उजागर होने पर आप उसे देख सकें। Tweetdeck में खोज कॉलम सेट करने के लिए, उदाहरण के लिए, आप मुख्य शब्द और भाषा का उपयोग उस कंटेंट में से कर सकते हैं जिसकी आप पड़ताल कर रहे हैं, या उन खातों की सूची सेट अप करें जो अक्सर आपके स्रोत के साथ संलग्न रहते हैं। सामाजिक मीडिया को प्रभावी तरीके से कैसे अनुवीक्षित किया जाए, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए सोशल वेब पर समाचार इकठ्ठा करना और अनुवीक्षण पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका देखें।[4]

### नवीनतम जानकारी से अवगत रहें

वेरिफिकेशन लगातार बदल रहा है। प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म अपनी गोपनीयता सेटिंगें संशोधित करते हैं, शोध उपकरण हटा दिए जाते हैं और नए बनाए जाते हैं। यदि आप लगे रहना चाहते हैं तो आपको नियमित रूप से अपने टूलबॉक्स का अद्यतन करना चाहिए या वेरिफिकेशन और ओपन सोर्स इंटेलिजेंस (OSINT) समुदाय की नवीनतम तकनीकों को पढ़ना चाहिए। Twitter पर कई सार्वजनिक OSINT / वेरिफिकेशन सूचियाँ हैं जिनका आप ऐसा करने के लिए पालन कर सकते हैं। सूचियों को खोजने और बनाने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, समाचार इकठ्ठा करना और अनुवीक्षण पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका देखें।

## सुरक्षित रहना

डिजिटल तहकीकातों में गोता लगाते समय आपको कई सुरक्षा सावधानियाँ बरतनी चाहिए, लेकिन विशेष रूप से तब जब आप अधिक बंद और गुमनाम इलाकों, जैसे Discord, में समय बिता रहे हों। विचार करने के लिए यहाँ कुछ मूलभूत बातें हैं:

- सुनिश्चित करें कि आपके पास उच्च स्तर की व्यक्तिगत डिजिटल सुरक्षा हो। जब भी संभव हो पासवर्ड का उपयोग करें।
- अपने सभी सामाजिक खातों पर अपने डिजिटल पदचिह्न और गोपनीयता सेटिंग की जाँच करें। कोई आपके खातों के माध्यम से आपके, आपके परिवार और दोस्तों के बारे में कितना पता लगा सकता है?
- VPN और एक अनाम वेब ब्राउज़र, जैसे Tor का उपयोग करने पर विचार करें।
- यदि आप बंद और गुमनाम स्थानों में लोगों के साथ शामिल होते हैं या बातचीत करते हैं तो आपके द्वारा प्रकट की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी के आमाप के बारे में सावधान रहें।

## नैतिकता और मानदंड फिर भी लागू होते हैं

डिजिटल रिपोर्टिंग का मतलब यह नहीं है कि बुनियादी पत्रकारिता संबंधी नैतिकता और मानदंड खिड़की से बाहर हवा में बह जाते हैं। कुछ भी हो, ऐसी नई नैतिक विचारणा हो सकती है जिनके बारे में आपने सोचा ही नहीं था। यहाँ कुछ बिंदु तथा प्रश्न दिए गए हैं जिन पर भरोसा किया जा सकता है:

- जिस तरह एक ईमेल एक साक्षात्कार के रूप में उससे अच्छा नहीं है जो आपने आमने-सामने किया हो, उसी तरह इंटरनेट पर किसी पोस्ट से कोई उद्धरण भी उतना अच्छा नहीं होता है। जब आप सीधे ही लोगों से बात कर सकते हों तो करें।

- कुछ वेरिफिकेशन उपकरण उस तरीके का लाभ उठाते हैं जिस तरीके से सामाजिक मीडिया प्लेटफॉर्म, गोपनीयता सेटिंग अस्पष्ट रखते हैं जिससे लोग उन चीजों को शेयर करते हैं जिन्हें वे नहीं समझते कि वे सार्वजनिक थी। किसी की निजी जिंदगी में अनावश्यक ताक-झाँक करने से बचें।
- यदि आप सामाजिक मीडिया से प्राप्त डेटा को स्क्रीनशॉट और प्रलेखित कर रहे हैं तो समझें कि असली लोग उस डेटा में फंसे हुए हैं। यदि आपके सिस्टम सुरक्षित नहीं हैं और वह डेटा दूसरे हाथों में चला जाता है तो आप अनजाने में लोगों को जोखिम में डाल सकते हैं।
- यदि आप अपने वेरिफिकेशन के दौरान बंद या अनाम स्थानों से कुछ भी पोस्ट करने जा रहे हैं तो क्या आप अपने असली नाम का उपयोग करने जा रहे हैं?
- इसके अलावा, क्या आप उन स्थानों में होने के अपने उद्देश्यों के बारे में स्पष्टवादी होने जा रहे हैं?

नैतिकता और ज़िम्मेदार पत्रकारिता के बारे मेंअधिक जानकारी के लिए, कृपया सूचना विकार के युग में ज़िम्मेदार पत्रकारिता पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका[1] तथा बंद समूह, मैसेजिंग ऐप व ऑनलाइन ऐप पर First Draft कीमार्गदर्शिका का नैतिक विचारणा अध्याय देखें।[5]

अध्याय 2

# उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत

कंटेंट का मूल अंश क्या है? यह वेरिफिकेशन प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण जाँच है और आपको यह हमेशा सबसे पहले करनी चाहिए। उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत को समझना संदर्भ और अभिप्रेरण का ताला खोलता है। यदि आप कंटेंट को उस रूप में नहीं देख रहे हैं जिस मूल रूप में वह ऑनलाइन आई थी तो आप यह नहीं समझ सकते हैं कि वर्षों पहले वही कंटेंट किसी लेख में पहली बार कैसे प्रतीत हुई होगी। यह 4chan पर चल रहे मजाक का हिस्सा भी हो सकता है या किसी Facebook समूह में समन्वयित अभियान के परिणामस्वरूप प्रकट हुआ हो सकता है। यदि आप मूल को नहीं देख रहे हैं, तो कई अन्य विवरण — इसे किसने, कब, कहाँ, क्यों पोस्ट किया — भी गलत हो सकते हैं, जिससे आपके वेरिफिकेशन के बाकी हिस्सों के साथ समझौता हो सकता है।

**सावधान रहें!**

किसी वेबसाइट या Twitter से कंटेंट डाउनलोड करना, और फिर उसी कंटेंट को किसी अन्य सामाजिक प्लेटफॉर्म पर अपलोड करना बहुत आसान है। इन्हें स्क्रैप कहा जाता है, और वे यह पता लगाना कठिन बना देते हैं कि क्या आप कंटेंट के किसी मूल अंश को देख रहे हैं या नहीं।

**रिवर्स इमेज सर्च**

रिवर्स इमेज सर्च, एक बड़े डेटाबेस, जैसे गूगल Images, में मेल खाती या मिलती-जुलती छवियों को तलाशने के लिए शक्तिशाली सॉफ्टवेयर का उपयोग करने की प्रक्रिया है। हम वेरिफिकेशन में रिवर्स इमेज सर्च का बहुत सा उपयोग दो मुख्य कारणों से करते हैं।

- दृश्यात्मक मीडिया सम्मोहक होता है, जिसका अर्थ यह भी है कि अधिकतर प्रभावकारी गलत-सूचना तस्वीरों और वीडियो के रूप में आती है।

- रिवर्स इमेज सर्च हमें उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत: कंटेंट का उद्गम, या कम से कम, कंटेंट के किन्हीं भी पुराने संस्करणों को खोजने में मदद करती है। यदि आप जानते हों कि नए रूप में ऑनलाइन प्रस्तुत की गई छवि के पुराने संस्करण भी हैं तो यह एक तत्काल इशारा है कि वह संदर्भ से परे, पुन: प्रस्तुत या भ्रामक हो सकती है।

## उपकरणों की मार्गदर्शिका

प्रत्येक मुख्य रिवर्स इमेज सर्च इंजन थोड़ा अलग सा होता है। यहाँ अंतरों का एक संक्षिप्त विवरण है।

**गूगल IMAGES:**

गूगल के रिवर्स इमेज सर्च[5] परिणामों का सबसे उपयोगी हिस्सा, "पृष्ठ जिसमें मिलान छवियाँ होती हैं," के अंतर्गत, तले की ओर नीचे है जिससे हम उन लेखों को देख पाते हैं जिन्होंने विगत में उस तस्वीर का प्रयोग किया था। निराशा की बात यह है कि गूगल हमें हनारे खोज परिणामों को तिथि के अनुसार क्रमबद्ध करने की सहूलियत नहीं देता है, लेकिन वह हमें हमारे परिणामों को समेटने के लिए एक कस्टम तिथि रेन्ज का चयन करने की सहूलियत देता है। Images.google.com पर जाएँ, खोज बॉक्स में कैमरा आइकन दबाएँ और चित्र अपलोड करें या, यदि Chrome का उपयोग कर रहे हैं, तो बस एक छवि पर दायाँ क्लिक करें और "गूगल पर छवि खोजें" का चयन करें।

**यांडेक्स:**

रूसी खोज इंजन यांडेक्स[6] में एक बड़ा डेटाबेस और कुछ अतिरिक्त प्रकार्य हैं जो गूगल में नहीं हैं, जैसे ऐसे चेहरे या छवियों को तलाशना जिन्हें पलट दिया गया हो। यदि आप गूगल पर कुछ नहीं पाते हैं तो यांडेक्स को आजमाएँ।


**टिनआई:**

टिनआई[7] का लाभ यह है कि यह प्लेटफॉर्म आपको तिथि के अनुसार अपने खोज परिणामों को आसानी से व्यवस्थित करने की सहूलियत देता है। इसका मतलब यह है कि आप एक तस्वीर की सबसे पहले अभिलिखित घटना को जल्दी से ऑनलाइन देख सकते हैं, जो आपको उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत समझने के करीब ले जाता है। नकारात्मक पक्ष यह है कि इस इंजन में ऑनलाइन तस्वीरों का बहुत छोटा डेटाबेस है इसलिए यदि आप ऐसी चीज की तलाश कर रहे हैं जो अधिक अस्पष्ट है तो उसके पास यह नहीं भी हो सकता है।

# हमारा #1 अनुशंसित उपकरण:

**REVEYE रिवर्स इमेज सर्च एक्सटेंशन (CHROME[8] या FIREFOX[9])।**

RevEye ब्राउज़र एक्सटेंशन आपको एक तस्वीर पर दायाँ क्लिक करके तुरंत उपरोक्त प्लेटफार्मों तथा अन्यों में से किसी एक, या उन सभी पर तत्काल खोज करने की सहूलियत देता है।




चित्र 2: Chrome वेब स्टोर पर उपलब्ध RevEye रिवर्स इमेज सर्च। 7 Sept 2019[8] को पुनर्प्राप्त। लेखक द्वारा स्क्रीनशॉट।

## वीडियो वेरिफिकेशन और इनविड का उपयोग करना

वीडियो का उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत पाना, तस्वीर वेरिफिकेशन के समान है। अक्सर वीडियो के पहले फ्रेम का उपयोग वीडियो की 'थंबनेल' छवि के रूप में किया जाता है — वीडियो चलने से पहले पूर्वावलोकन चित्र — इसलिए खोज करते समय, शुरू करने के लिए यह एक उपयोगी स्थान है। वीडियो में से एक फ्रेम का स्क्रीनशॉट लें और उस पर किसी अन्य छवि की तरह ही रिवर्स इमेज सर्च करें।

वीडियो सत्यापित करने के लिए सबसे शक्तिशाली उपकरणों में से एक है इनविड वेरिफिकेशन प्लग इन[10], जिसे आप Chrome या Firefox ब्राउज़र एक्सटेंशन के माध्यम से उपयोग करते हैं। यहाँ इसकी कुछ क्षमताएँ बताई गई हैं:

- यह सामाजिक मीडिया के किसी भी वीडियो को थंबनेल में तोड़ता है और फिर आप एक क्लिक द्वारा उनमें से किसी पर भी रिवर्स इमेज सर्च करने आसानी से उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत की जाँच कर पाते हैं।
- यह आपको वीडियो से जुड़ा बुनियादी डेटा दिखाता है: अपलोड करने की तिथि और समय की जानकारी, उपयोगकर्ता खाते, शेयर तथा लाइक और किसी भी संबंधित पाठ के बारे में जानकारी।
- यह वीडियो पर किसी भी वेरिफिकेशन-संबंधित टिप्पणी को निष्कर्षित करने के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण का उपयोग करता है — दूसरे शब्दों में, कोई भी टिप्पणी जो इस बात का सुराग दे सकती है कि क्या वीडियो असली, भ्रामक या संदर्भ से बाहर है।
- इसमें एक आवर्धक लेंस वाला उपकरण होता है जिससे आप तस्वीर या वीडियो में मौजूद छोटे पाठ का निरीक्षण कर पाते हैं, जैसे किसी विमान के किनारे पर एक पहचान संख्या।

## पहले के संस्करणों के लिए अनाम स्थानों की जाँच करें

सामाजिक वेब पर गलत-सूचना, मीम और अन्य प्रकार के उपयोगकर्ता-निर्मित विषय अक्सर अधिक बंद और अनाम स्थानों में उत्पन्न होते हैं। यदि आप किसी मीम या संदिग्ध दावे के पहले संस्करण को खोजने की कोशिश कर रहे हैं तो कभी-कभी इन स्थानों में खोजना सही रहता है।

- Reddit जाँचें: आप स्थानिक खोज पट्टी, या Reddit अनुवीक्षण उपकरण, जैसे TrackReddit.com[11]का उपयोग कर सकते हैं।
- 4chansearch.com[12] आपको 4chan और 4chan संग्रह साइटों में खोज करने की सहूलियत देता है।
- Gab.ai[13] एक ऑल्ट-राइट-Twitter प्लेटफॉर्म की ही तरह है, जहाँ निलंबित किए गए कई उपयोगकर्ता स्थानांतर कर गए हैं।
- Discord चैनलों, Facebook समूहों और WhatsApp समूहों को ढूँढ़ना और खोजना अधिक कठिन है, लेकिन ये जगहें गहरे खोज के लिए प्रयास लायक हो सकती हैं।

अध्याय 3

# स्रोत

कंटेंट का मूल अंश किसने शूट किया? जब हम किसी स्रोत को सत्यापित करने के बारे में बात करते हैं, तो हम इस बात में अंतर करते हैं कि किसने कंटेंट पोस्ट की और किसने उसे शूट किया था। प्राथमिक स्रोत वह है जिसने उसे शूट किया था। यह पूरी तरह से संभव है, उदाहरण के लिए, काहिरा में किसी ने अपने फोन पर एक प्रत्यक्षदर्शी वीडियो रिकॉर्ड करके पेरिस में अपने दोस्त को भेजा और दोस्त ने वीडियो Twitter पर पोस्ट किया। लेकिन प्राथमिक स्रोत काहिरा का प्रत्यक्षदर्शी है। आदर्शतया, यह ही वह है जिसकी हम पहचान करना चाहते हैं। प्राथमिक स्रोतों की पहचान करना कठिन हो सकता है लेकिन ठोस वेरिफिकेशन के लिए लाभप्रद होता है। यह अध्याय आपको कुछ युक्तियों और प्रश्नों के जरिये बताएगा कि इसे कैसे करना है।

## स्रोतों के बारे में पूछने के लिए बुनियादी सवाल

- अपलोडर कौन है?
- उसके द्वारा अपलोड की गई अन्य कंटेंट को देखें: यह आपको खाते के बारे में क्या बताती है?
- क्या यह संभव है कि उसने यह कंटेंट अपलोड तो की हो लेकिन उसे बनाया नहीं हो?
- क्या इस बात का तुक बनता है कि अकाउंट रखने वाला व्यक्ति उस स्थान के समीप था जब घटना घटित हुई थी?
- क्या आपको कोई संपर्क जानकारी मिल सकती है? ऐसा फ़ोन नंबर या ईमेल देखें जिससे आप उससे सीधे बात कर सकें। आप स्रोत की पहचान के बारे में कोई भी दावा करने से पहले उससे बात करना चाहेंगे।

## स्रोतों की पड़ताल करने के लिए युक्तियाँ

बहुत से लोग अपने बड़े-बड़े डिजिटल पदचिह्नों को पीछे छोड़ जाते हैं और जो कुछ आप उनके विभिन्न सामाजिक खातों के बीच कड़ियाँ जोड़कर जान सकते हैं वह विस्मयकारी होता है।

यहाँ कुछ युक्तियाँ हैं:

- उसके अकाउंट यूजरनेम पर नजर डालें और देखें कि क्या आपको अन्य अकाउंट नाम मिल सकते हैं जो समान हों।
- उसके अकाउंट चित्रों पर एक रिवर्स इमेज सर्च करें।
- कंटेंट की भाषा के संबंध में देखें कि क्या अन्य कोई खाते हैं जो ठीक उसी कंटेंट को पोस्ट कर रहे हैं।
- यदि आपको खाते से जुड़ी कोई संपर्क जानकारी मिलती है तो उसे एक खोज पट्टी में पॉप करें और देखें कि क्या यह आपको अन्य सामाजिक मीडिया खातों से जोड़ती है।
- आप Skype में एक ईमेल डाल सकते हैं और यह उस ईमेल से जुड़े हर उपयोगकर्ता को उजागर कर देगा।
- LinkedIn पर स्रोत के लिए देखें कि क्या आप कोई मददगार पहचानकारक जानकारी पा सकते हैं।
- सामाजिक नेटवर्क पर कई पोस्टों में एक अनन्य पहचानकार होता है जो आमतौर पर URL के अंत में पाया जाता है। आप उस पहचानकार को प्रतिलिपित करके यह देखने के लिए गूगल में डाल सकते हैं कि कंटेंट को और कहाँ-कहाँ अंत:स्थापित किया गया है।
- एक ऐसी वेबसाइट की तलाश करें जो सामाजिक मीडिया खाते से जुड़ी हो, और वहाँ किसी भी पहचानकारक जानकारी के लिए खोज करें।

**क्या यह अकाउंट स्वचालित है?**

इन दिनों बॉट्स के चारों ओर बहुत चर्चा है और ऐसे कई उपकरण हैं जो यह पहचान करने की कोशिश करते हैं कि क्या सामाजिक खाते स्वचालित हैं या नहीं (उदाहरण के लिए Hoaxy[14] या BotSentinel[15])। लेकिन सावधान: बॉट न्यायालयिक-विज्ञान एक अपूर्ण विज्ञान है।

यहाँ वह है जो आपको जानना है:

- कई उपकरण यह अनुमान लगाने के उपाय के रूप में प्रतिदिन 50 ट्वीट इस्तेमाल करते हैं कि क्या कोई अकाउंट स्वचालित है। लेकिन निश्चित रूप से, बहुत सारे खाते जो बिल्कुल भी स्वचालित नहीं हैं, आसानी से इस संख्या को पार कर जाते हैं।
- यह समझना महत्वपूर्ण नहीं है कि कोई अकाउंट स्वचालित है या नहीं, बल्कि यह समझना कि जो अकाउंट लगातार ऑनलाइन गलत-सूचना फैला रहा है वह मानव है या नहीं।
- उदाहरण के लिए, "साइबोर्ग" वे मानव हैं जो बॉट जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं, जैसे दिन भर बार-बार और लगातार पोस्टकरते रहना। कुछ साइबोर्ग को यह काम करने के लिए भुगतान किया जाता है। अन्य लोग नीतिगत विचार-धारा या राजनीतिक उम्मीदवार के प्रबल समर्थक होते हैं और ऑनलाइन प्रवर्धन को उस भूमिका के रूप में देखते हैं जिसे वे अपने अभियान का समर्थन करने के लिए निभा सकते हैं।
- यदि आप अभी भी यह समझने में रुचि रखते हैं कि क्या कोई अकाउंट स्वचालित है या नहीं तो दिन भर सक्रियतापूर्वक ट्वीट करते रहना एक बेहतर उपाय हो सकता है। अधिकांश मनुष्यों को सोना पड़ता है और इसलिए यह प्रतिबिंबित करने के लिए उनकी गतिविधि को निष्क्रियता की अवधि दिखानी चाहिए। यह अभी भी एक आदर्श उपाय नहीं है, चूँकि ट्वीट्स को आसानी से केवल जागने के समय के दौरान उजागर होने के लिए निर्धारित किया जा सकता है।

## TWITTER खातों को  समझने के लिए TWITONOMY का उपयोग करना

Twitonomy[16] Twitter खातों की तहकीकात करने के लिए एक बेहतरीन उपकरण है। यहाँ खातों के बारे में कुछ दिलचस्प प्रश्न दिए गए हैं जिनका उत्तर पाने में Twitonomy आपकी मदद कर सकता है:

- वे इससे कब जुड़े और समय बीतने के साथ उनका ट्वीट इतिहास कैसा दिखता है?
- प्रतिदिन औसत ट्वीट की उनकी गिनती क्या है?
- उनके कितने प्रतिशत ट्वीट रीट्वीट किए जाते हैं?
- वे किन उपयोगकर्ताओं को सबसे अधिक रीट्वीट करते हैं?
- वे किन उपयोगकर्ताओं को सबसे अधिक उत्तर देते हैं?
- उनके सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले हैशटैग क्या हैं?

## तहकीकात डोमेन

कभी-कभी आप किसी विशेष वेबसाइट के
स्वामित्व की जाँच करना चाहेंगे। कई साइटें हैं जो आपको ऐसा करने में मदद करती हैं लेकिन viewDNS.info[17] पसंदीदा है। यह आपको डोमेन और आईपी पते के लिए बुनियादी खोजें करने की सहूलियत देता है, लेकिन इसमें अन्य खोजें भी शामिल हैं, जैसे डोमेन और आईपी स्थान खोजकों के लिए ऐतिहासिक आईपी पते।

जब आप डोमेन देख रहे हों तो यहाँ कुछ त्वरित युक्तियाँ दी गई हैं:

- यदि आप किसी साइट की प्रामाणिकता पर सवाल उठा रहे हैं तो URL के संदिग्ध अंतिम हिस्से के लिए देखें।
- यदि पंजीकरणकर्ता ने किसी डोमेन की पंजीकरण जानकारी को छिपाने के लिए भुगतान किया हो तो साइट के पुराने संस्करणों के लिए देखें। कभी-कभी कोई साइट स्थानांतर हो जाएगी और पंजीकरणकर्ता नई साइट की रक्षा के लिए भुगतान करेगा, लेकिन पुराने के बारे में भूल जाएगा। आप .net या .info जैसे URL के विभिन्न रूपों के लिए देख सकते हैं, या आप डोमेन को गूगल में पॉप कर सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या कुछ संबंधित निकल कर आता है। ध्यान दें कि यह जानकारी यूरोप में GDPR कानून द्वारा स्वचालित रूप से संरक्षित है।
- आप एक ही सर्वर पर होस्ट की गई अन्य साइटों को देखने के लिए रिवर्स आईपी खोज कर सकते हैं। ये साइट आवश्यक रूप से संबंधित नहीं हैं, लेकिन परिणाम रहस्योद्‌घाटनकारी हो सकते हैं।

## वे टूल्स जिनमें निवेश किया जाए

कई उपकरण जो हमने पहले सामाजिक मीडिया हैंडल की जाँच के लिए इस्तेमाल किए थे वे गोपनीयता संबंधी विधिसम्मत चिंताओं के कारण बंद हो चुके हैं। हालाँकि, अभी भी कुछ बहुत अच्छे उपकरण सशुल्क उपलब्ध हैं जिन पर आप निवेश करने के लिए विचार कर सकते हैं, जैसे Spokeo[18] और Pipl[19]। संपर्क जानकारी ढूँढ़ने के लिए ये निर्देशिकाएँ विशेष रूप से मददगार हैं।

**अध्याय 4**

# तिथि

कंटेंट कब शूट की गई थी? हर सामाजिक मीडिया पोस्ट में एक टाइमस्टैम्प होता है, लेकिन टाइमस्टैम्प आपको केवल यह बताता है कि कंटेंट का अंश कब अपलोड किया गया था, न कि कब उसे शूट किया गया था। ठोस वेरिफिकेशन यह पहचान करेगा कि कंटेंट का अंश कब शूट किया गया था। अब जब कि स्मार्टफ़ोन इतने सर्वव्यापी हैं तो अक्सर ऐसा होता है कि लोग शूट करते ही कंटेंट अपलोड कर रहे होते हैं, फिर भी आप यह नहीं मान सकते कि ऐसा ही हुआ होगा। उपयोगकर्ता अन्य लोगों की कंटेंट भी ले सकते हैं और उसे सबसे पहले अपलोड किए जाने के दिनों या वर्षों के बाद फिर से पोस्ट कर सकते हैं। यह अध्याय आपको शूट करने के समय की पहचान कर सकने की कुछ युक्तियों के बारे में बताएगा।

## सामाजिक मीडिया टाइम स्टैम्प के लिए मार्गदर्शिका

सभी प्लेटफार्मों में तिथियाँ और समय प्रदर्शित करने के अलग-अलग तरीके हैं। नीचे एक उपयोगी लधु संदर्भ है।

**Reddit और 4chan**

आपके कंप्यूटर या डिवाइस पर चुने गए टाइमज़ोन में समय और तिथि दिखाते हैं, न कि उस उपयोगकर्ता का स्थानीय समय जिसने संदेश पोस्ट किया था।

**Facebook और Twitter**

आपके कंप्यूटर या डिवाइस पर चुने गए टाइमज़ोन में समय और तिथि दिखाते हैं, न कि उस उपयोगकर्ता का स्थानीय समय जिसने संदेश पोस्ट किया था। यदि आप लॉग इन नहीं हैं तो आपको प्रशांत मानक समय (PST) में समय और तिथि दिखाई देगी।

## EXIF डेटा

वह समय या तिथि, जब कंटेंट का अंश शूट किया गया था, ढूँढ़ने का एक अन्य उपयोगी तरीका है फ़ाइल में मेटाडेटा को देखना।

प्रत्येक छवि, जिसे हम डिजिटल कैमरा में कैद करते हैं, की छवि फ़ाइल में अतिरिक्त जानकारी होती है, जैसे समय, तिथि, कैमरा सेटिंग, डिवाइस जानकारी और यहाँ तक कि निर्देशांक भी, यदि डिवाइस का GPS चालू हो। इसे इसका Exif डेटा (एक्सचेंजेबल इमेज फ़ाइल फॉर्मेट) कहा जाता है।

फ़ाइल के Exif डेटा को देखने का एक बेहतरीन मुफ्त उपकरण है Jeffrey'sExif व्यूअर[20]। बस एक छवि फ़ाइल अपलोड करें और यह आपको संचित अतिरिक्त जानकारी दिखाएगा। लेकिन खबरदार रहें: जब कोई उपयोगकर्ता छवि अपलोड करता है तो लगभग सभी सामाजिक मीडिया प्लेटफॉर्म, Exif डेटा हटा देते हैं, इसलिए आपको इस गुर के काम करने के लिए एक मूल फ़ाइल की आवश्यकता पड़ेगी। प्रत्यक्षदर्शी कंटेंट की पुष्टि करते समय, इस जाँच को पूरा करने के लिए अपलोडर को आप तक मूल छवि फ़ाइल ईमेल करने के लिए कहें।

YouTube, PST में समय और तिथि दिखाता है। इनविड वेरिफिकेशन प्लगइन का उपयोग करके आप समन्वित सार्वभौमिक समय (UTC) में सटीक अपलोड समय देख सकते हैं।

इंस्टाग्राम अपलोड के केवल अंदाजन समय और तिथि को प्रदर्शित करता है, लेकिन यदि आप शीर्ष दाईं ओर के तीन बिंदुओं (. . .) पर क्लिक करते हैं तो अंतःस्थापित कोड PST और UTC दोनों में समय प्रदर्शित करता है।

यदि आप छवियों या किसी व्यक्ति द्वारा पोस्ट की गई छवियों या फ़ाइलों के बारे में संदेह रखते हैं तो सही है — और यह दर्जनों भिन्न-भिन्न फ़ाइल प्रकारों में काम करता है। फ़ाइल के मेटाडेटा को जाली बनाना या बदलना संभव है, लेकिन केवल सबसे परिष्कृत जालसाज ही ऐसा प्रयास करेंगे।

## तिथियाँ सत्यापित करने के लिए युक्तियाँ और उपकरण

- द' इनविड वेरिफिकेशन प्लगइन[21] आपको सामाजिक वीडियो का, UTC में अपलोड समय देखने की सहूलियत देता है।
- SunCalc[22] आपको किसी स्थान विशेष पर किसी दिन विशेष में सूर्य के कोण को देखने की सहूलियत देता है, जो आपको यह निर्धारित करने में मदद कर सकता है कि किसी तस्वीर या वीडियो में जो हुआ वह दिन के किस समय हुआ।
- Wolfram Alpha[23] एक अभिकलनात्मक ज्ञान इंजन है, जो अन्य बातों के अलावा, आपको किसी तिथि विशेष में रहे मौसम की जाँच करने की सहूलियत देता है। परिणाम पाने के लिए, एक वाक्यांश टाइप करें जैसे "5 नवंबर, 2017 को ओमाहा में मौसम कैसा था"।
- हमेशा पहले उत्पत्तिस्थान / मूल स्रोत के लिए देखना याद रखें। यदि आप यह पता करने के लिए दृश्यात्मक मीडिया देख रहे हैं कि क्या कंटेंट के पुराने संस्करण उपलब्ध हैं तो रिवर्स इमेज सर्च करें।

अध्याय 5

# स्थान

कंटेंट कहाँ शूट की गई थी? सामाजिक मीडिया पोस्ट को अक्सर किसी स्थान के साथ जियोटैग किया जाता है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि वह यही हो जिस स्थान पर कंटेंट शूट की गई थी। जियोटैग गलत हो सकते हैं, कंटेंट को सहेजा जा सकता है और फिर कहीं और से अपलोड किया जा सकता है, और हजारों मील दूर सामाजिक मीडिया उपयोगकर्ता अन्य लोगों की कंटेंट ले सकते हैं और उसे ऐसे पोस्ट कर सकते हैं जैसे कि वह उनकी अपनी हो। यह अध्याय आपको यह सत्यापित करने में मदद करेगा कि मूल कंटेंट कहाँ शूट की गई थी।

## स्थान के बारे में पूछने के लिए बुनियादी सवाल

- कंटेंट से संबंधित अकाउंट कहाँ अवस्थित है?
- क्या वे अपनी कंटेंट में स्थान को टैग करते हैं?
- यदि किसी स्थान की पहचान की गई है तो क्या इससे यह समझा जा सकता है अकाउंट धारक वहाँ पर था?
- क्या उन्होंने अन्य पोस्टों में अपने स्थान का जिक्र किया है?

## प्लेटफॉर्म पर स्थान खोजें

प्लेटफार्मों के भीतर स्थान के आधार पर खोज करना बहुत आसान हुआ करता था, लेकिन उभरती हुई गोपनीयता चिंताओं के कारण कई सारे इन प्रकार्यों को हटा दिया गया था। हालांकि, कुछ तृतीय-पक्ष उपकरण हैं जो अभी भी आपको इन खोजों को करने की सहूलियत देते हैं। उदाहरण के लिए, किसी स्थान विशेष पर किसी तिथि विशेष को टैग किए गए पोस्टों के लिए whopostedwhat[24] इंस्टाग्राम खोज उपकरण। इन तृतीय-पक्ष उपकरणों में से कई आते हैं और चले जाते हैं, इसलिए अपने स्वयं के टूलबॉक्स का निर्माण करना और परिवर्तनों और अद्यतनों के साथ कदम से कदम बढ़ाना उत्तम रहता है।

## मूर्ख न बनें!

### जियोटैग आपको मूर्ख बना सकते हैं

कभी-कभी आप किसी ट्वीट या Facebook पोस्ट विशेष से संबद्ध हुए भौगोलिक स्थान को देख सकते हैं, लेकिन इस जानकारी के साथ आसानी से हेरफेर की जा सकती है। मेटाडेटा के साथ भी हेरफेर की जा सकती है।

### स्थान सदैव स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें

यदि आप कोई छवि या वीडियो देख रहे हैं तो दुतरफे संदर्भ के लिए मानचित्र या उपग्रह इमेजरी पर स्थान ढूँढ़ें।

### यहाँ तक कि उपग्रह इमेजरी भी त्रुटिपूर्ण हो सकती है

जब संबंधित उपग्रह इमेजरी पुरानी हो जाती है जियोलोकेशन हमेशा अधिक कठिन हो जाती है। कुछ समाचारसिद्ध घटनाएँ, जैसे चरम मौसम या युद्ध, नाटकीय रूप से कुछ ही मिनटों में भूदृश्य को बदल सकती हैं। इसने सीरिया जैसे देशों में, या तूफान के बाद, वीडियो के जियोलोकोशन कार्य को चैलेंजिंग बना दिया है।

## अपनी अवलोकन मांसपेशियों को काम में लाएँ

किसी स्थान को सत्यापित करने के लिए विकसित किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण कौशल, अवलोकन का कौशल होता है। यदि आप तस्वीरों और वीडियो की बारीकियों पर ध्यान दें तो आप जो कुछ जियोलोकेट करेंगे वह आश्चर्यजनक होगा।

आपके दिमाग को चलायमान रखने के लिए यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं:

- क्या वहाँ कोई विशिष्ट भौगोलिक विशेषताएँ हैं? प्रमुख सड़कें? घास के बड़े मैदान? पहाड़?
- क्या ऐसी विशिष्ट इमारतें हैं जिनका पता उपग्रह इमेजरी में आसानी से चलेगा?

- टेलीफोन नंबर, लाइसेंस प्लेट, कारोबारी शीर्षक और बैनर व चिह्नों पर लेखन के लिए खोज करें।
- प्रसंग को खंगालें: क्या कंटेंट में कोई घटनाएँ और परिस्थितियाँ हैं जो समाचार लेखों में दिखाई पड़ सकती हैं?
- मौसम, वनस्पति और कपड़े पर ध्यान दें — उनसे उस स्थान का क्या अर्थ निकलता है?

**उपग्रह दृश्य और सड़क दृश्य के साथ दुतरफा संदर्भ लेना**

यहाँ कुछ उपकरण दिए गए हैं जिनके बारे में आपको, स्वतंत्र रूप से स्थान की पुष्टि करते समय, जानकारी होनी चाहिए:

- आप दुकानों के नाम खोज सकते हैं और गूगल Maps[25] पर उपग्रह दृश्य में स्थानों को देख सकते हैं।
- गूगल Earth[26] और आगे तक जाता है और आपको ऐतिहासिक उपग्रह डेटा देखने की सहूलियत देता है।
- यदि आप वास्तव में उपग्रह इमेजरी में संलग्न होने रहे हैं तो अलग-अलग खोज इंजनों को देखना उपयोगी हो सकता है, जो अलग-अलग समय का डेटा प्रदान करेंगे। Bing[27] और यांडेक्स[28] दो अन्य विकल्प हैं। यांडेक्स पूर्वी यूरोप के बारे में अधिक डेटा प्रदान करता है।
- Wikimapia[29] एक दिलचस्प उपकरण है जो समुदाय को मानचित्र पर विशेषताओं का वर्णन करने की सहूलियत देता है।

अक्सर जियोलोकेशन में, किसी तस्वीर या वीडियो में कई अलग-अलग उन विशेषताओं की पहचान करना शामिल होता है जो उस जगह को आरेखित करने में हमारी मदद करते हैं जहाँ उसे शूट किया गया था।

किसी विज्ञापन-पट्ट पर टेलीफोन नंबर का क्षेत्र कोड एक अच्छी शुरुआत है, लेकिन जब उसे पृष्ठभूमि में एक पहाड़ी पर के सेल टॉवर और अग्रभूमि में एक विशिष्ट आकार और रंग की छत के साथ मिलाकर देखा जाए तो हमें स्थान खोजने का एक बेहतर मौका मिलता है।

अध्याय 6

# अभिप्रेरण

कंटेंट क्यों शूट या प्रकाशित की गई थी? यह अध्याय सबसे छोटा है, क्योंकि वास्तव में यह सत्यापित करना लगभग असंभव है कि किसी ने कंटेंट का अंश क्यों शूट और शेयर किया। आप बस इतना करीब आ सकते हैं कि उनसे ही पूछ लें, और कभी-कभी इससे भी सच उजागर नहीं होगा। लेकिन अभिप्रेरण को समझना, या कम से कम इसकी थोड़ी सी समझ रखना, आपकी बाकी की वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए बहुत मददगार हो सकता है।


अभिप्रेरण के बारे में पूछने के लिए यहाँ कुछ बुनियादी प्रश्न दिए गए हैं:

- तस्वीरों और वीडियो के लिए, क्या वह व्यक्ति जिसने कंटेंट को शूट किया एक आकस्मिक प्रत्यक्षदर्शी था?
- क्या व्यक्ति के प्रोफाइल या सामाजिक मीडिया उपयोग से पता चलता है कि वह एक कार्यकर्ता या आंदोलनकारी है?
- क्या व्यक्ति किसी परिप्रेक्ष्य विशेष से इसे शूट करने के लिए किसी आयोजन में शामिल हुआ था?
- क्या वह व्यक्ति किसी सरकार, निगम या शोध संगठन से सहबद्ध है?
- क्या वह व्यक्ति उन ऑनलाइन समुदायों का सदस्य है जो किसी विशिष्ट अभियान का समर्थन या प्रचार करते हैं?


## कड़े मानकों को बनाए रखने के बारे में एक अनुस्मारक

याद रखें कि वेब पर पोस्ट किया गया उद्धरण या स्पष्टीकरण उतना विश्वसनीय नहीं होता है जितना कि स्रोत के साथ एक प्रत्यक्ष साक्षात्कार। संभव और सुरक्षित होने पर, उस व्यक्ति तक सीधे पहुँचें जिसने कंटेंट को शूट किया था।

## FIRST DRAFT के पसंदीदा उपकरण




चित्र 4: सर्वाधिकआम-उपयोग वाले हमारे वेरिफिकेशन उपकरण प्रदर्शित करता First Draft टूलकिट। bit.ly/FirstDraftToolkit से लिया गया 9 दिसंबर 2019 को एक्सेस किया गया। लेखक द्वारा स्क्रीनशॉट।


Incognito
Shared
Photo verification
RevEye Reverse Image Search plugin
Verexif - view & remove exif data
Karma Decay - rev img for Reddit
Yandex.Images: search for images o…
TinEye
Browser plugins
InVID plugin
RevEye Reverse Image Search Plugin
Wayback Machine plugin
CrowdTangle Link Checker
Google Translate
Video verification
InVID - swiss army knife of verifying …
watch frame by frame
deturl - download youtube videos
YouTube Comment Scraper
Monitoring
Spike - Monitor popular webpages o…
CrowdTangle -monitor FB, Tw, IG, & …
Google Alerts
TrackReddit
Dates
Time Zone Converter
Wolfram|Alpha - search for weather …
Measuring spread
BuzzSumo
Hoaxy: How claims spread online
CrowdTangle Link Checker

## अंत टिप्पण


1. Kwan, V. (2019) *सूचना विकार के युग में ज़िम्मेदार पत्रकारिता पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका*, लंदन: First Draft। https://firstdraftnews.org/wp-content/uploads/2019/10/Responsible_Reporting_Digital_AW-1.pdf से लिया गया से लिया गया

2. गूगल Chrome के लिए Wayback Machine प्लगइन। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://chrome.google.com/webstore/detail/wayback-machine fpnmgdkabkmnadcjpehmlllkndpkmiak से लिया गया

3. Hunchly. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.hunch.ly/ से लिया गया

4. Dotto, C. & Smith, R. (2019) सोशल वेब पर, समाचार इकट्ठा करना और अनुवीक्षण पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका, लंदन: First Draft। https://firstdraftnews.org/wp-content/uploads/2019/10/Newsgathering_and_Monitoring_Digital_AW3.pdf से लिया गया

5. Dotto, C., Smith, R. & Wardle, C. (2019) बंद समूह, संदेशन ऐप व ऑनलाइन विज्ञापन पर First Draft की अत्यावश्यक मार्गदर्शिका। लंदन: First Draft. https://firstdraftnews.org/wp-content/uploads/2019/11/Messaging_Apps_Digital_AW-1.pdf से लिया गया

6. First Draft टूलबॉक्स Start.meपर। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://start.me/p/YazB12/first-draft-toolbox से लिया गया

7. गूगल छवि खोज। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.google.com/imghp?hl=en से लिया गया

8. यांडेक्स छवि खोज। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://yandex.com/images/ से लिया गया

9. टिनआई। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.tineye.com/ से लिया गया

10. गूगल Chrome के लिए RevEye प्लग इन। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://chrome.google.com/webstore/detail/reveye-reverse-image-sear/keaaclcjhehbbapnphnmpiklalfhelgf?hl=en से लिया गया

11. Firefox के लिए RevEye प्लगइन। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://addons.mozilla.org/en-GB/firefox/addon/reveye-ris/ से लिया गया

12. इनविड वेरिफिकेशन प्लगइन। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.इनविड-project.eu/tools-and-services/इनविड-verification-plugin/ से लिया गया

13. TrackReddit। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.trackreddit.com/ से लिया गया

14. 4chan खोज। 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। http://4chansearch.com से लिया गया

15. Gab. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। http://Gab.ai से लिया गया

16. Hoaxy. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://hoaxy.iuni.iu.edu/ से लिया गया

17. Bot Sentinel. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://botsentinel.com/ से लिया गया

18. Twitonomy. https://www.twitonomy.com/ से 9 अक्टूबर 2019 को पुनर्प्राप्त किया गया।

19. ViewDNS. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://viewdns.info/ से लिया गया

20. Spokeo. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.spokeo.com/ से लिया गया

21. Pipl. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://pipl.com/ से लिया गया

22. Jeffrey's Exif Viewer. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। http://exif.regex.info/exif.cgi से लिया गया

23. इनविड Verficiation PlugIn. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया https://www.इनविड-project.eu/tools-and-services/इनविड-verification-plugin/ से लिया गया

24. SunCalc. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.suncalc.org से लिया गया

25. WolframAlpha. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.wolframalpha.com/ से लिया गया

26. WhoPostedWhat. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://whopostedwhat.com से लिया गया

27. गूगल Maps. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.google.com/maps से लिया गया

28. गूगल Earth. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.google.co.uk/intl/en_uk/earth/ से लिया गया

29. Bing Maps. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://www.bing.com/maps से लिया गया

30. यांडेक्सMaps. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://yandex.com/maps/ से लिया गया

31. Wikimapia. 9 अक्टूबर 2019 को एक्सेस किया गया। https://wikimapia.org से लिया गया

## नोट्स

## नोट्स

**FIRST DRAFT के बारे में**

First Draft एक वैश्विक, गैर-लाभकारी, गैर-पक्षपाती संगठन है जो उनकी मदद करने के लिए मौजूद है जो रिपोर्टिंग के अग्रिम मोर्चे पर हैं। हम व्यावहारिक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं जिसे नैरंतरिक शोध द्वारा सूचित किया जाता है। कौशल, उपकरण और अनुशंसाओं को विश्व भर के भागीदारों की मदद से लगातार परीक्षित और संशोधित किया जाता है।

FIRSTDRAFT

द्वारा समर्थित

Google News Initiative

@firstdraftnews

firstdraftnews.org/resources पर और अधिक सीखें